नों संकुलर मांचा बनाकर और बाद में अपने ही भतीजे अक्षय या

अब ओडीओपी उत्पाद भी मिलेंगे ऑनलाइन

लखनऊ। अब एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के उत्पाद जल्द ही घर बैठे ऑनलाइन मंगाए जा सकेंगे। इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग जहां देश-विदेश की प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों से एमओयू कर रहा है। वहीं, ओडीओपी उत्पादों को उत्पादन से लेकर बिक्री तक में प्रोत्साहन देने के लिए हर जिले में दो दिवसीय उद्यम समागम की शुरुआत की है। एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल ने वृहस्पतिवार को निर्यात भवन में पत्रकारों में बताया कि 12 से 30 सितंबर तक प्रदेश के हर जिले में दो दिनी ओडीओपी उद्यम समागम होंगे। इसका उद्देश्य कारीगरों, हस्तशिल्पियों, व्यापारियों और निर्यातकों के साथ ओडीओपी वैल्यू चेन में आने वाले सभी लोगों का समन्वय स्थापित करना है। इसमें उत्पादक व खरीदकार की मीटिंग कराई जाएगी। ई-मार्केटिंग, समाधान पोर्टल, जेम पोर्टल, निर्यात क्षमता और कौशल विकास को लेकर कार्यशाला भी होगी। हर जिले में कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनेगा। ब्यूरो

ओडीओपी उत्पादों को प्रोत्साहन के लिए 'उद्यम समागम' शुरु

प्रमुख ई कॉमर्स कंपनियों से हुआ एमओयू : ओडीओपी के लिए अमेजन, क्यूसीआई, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से एमओयू हो गया है। अलीबाबा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, फ्लिपकार्ट से एमओयू की कार्यवाही चल रही है। ओडीओपी के 31 उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए जीआई टैग कराया गया है।